प्रेषक– सचिव,

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्,

रामनगर (नैनीताल)

सेवा में,

मुख्य शिक्षा अधिकारी,

समस्त जनपद,

उत्तराखण्ड

पत्रांक– 01-06 /शोध एवं पाठ्यक्रम/ए–272 /2024–25/दिनांक: 02-04-2024

विषय– सत्र 2024–25 हेतु कक्षा 11 तथा 12 के पाठ्यक्रम अपलोडिंग के सम्बन्ध में

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपको अवगत कराना है कि शैक्षणिक सत्र 2024–25 हेतु पाठ्यक्रम परिषद् की वैब साइट www.ubse.uk.gov.in के syllabus आइकन पर अपलोड किया जा रहा है। सत्र 2024–25 के पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण बिन्दु निम्नवत हैं–

1– गत सत्र 2023–24 में कक्षा 11 के अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी, बंगाली, गृह विज्ञान तथा कम्प्यूटर साइन्स के पाठ्यक्रम में परिवर्तन किया गया था इस वर्ष से इन विषयों के कक्षा 12 के पाठ्यक्रम को भी सी0 बी0 एस0 ई0 पाठ्यक्रम के अनुरूप परिवर्तित कर दिया गया है।

2– कतिपय विषयों के पाठ्यक्रमों में कुछ ऐसे प्रकरण/सम्बोध है जो एन0 सी0 ई0 आर0 टी0 की नवीन पाठ्यपुस्तकों से हटा दिए गये हैं। ऐसे प्रकरणों /सम्बोधों का शिक्षण विषय–अध्यापक द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की दृष्टि से अन्य स्त्रोतों से किया जायेगा परन्तु ऐसे प्रकरणों /सम्बोधों से सम्बन्धित प्रश्न गृह परीक्षा/परिषदीय परीक्षा में नही पूछे जायेंगे।

3– कतिपय विषयों में एन0 सी0 ई0 आर0 टी0 द्वारा पुस्तकें प्रकाशित नही की जाती हैं ऐसे विषयों के पाठ्यक्रमों के अनुरूप विस्तृत नोट्स विषय अध्यापकों द्वारा लिखवाये जायेंगे तथा इण्टरनेट पर विभिन्न शैक्षणिक साइट्स पर उपलब्ध पाठ्यक्रम के अनुरूप निःशुल्क पाठ्यसामग्री के लिंक भी विद्यार्थियों को उपलब्ध कराये जायेंगे।

4– सत्र 2024–25 के लिए कक्षा 11 के संस्कृत एवं हिन्दुस्तानी संगीत विषयों के पाठ्यक्रम को अपलोड नही किया गया है क्योंकि उसमें संशोधन की प्रकिया गतिमान है।

आपसे यह भी अनुरोध है कि अपने जनपदान्तर्गत समस्त उच्चतर ताध्यमिक विद्यालयों एवं इण्टर कालेजों के संस्थाध्यक्षों के माध्यम से समस्त अध्यापकों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि वे पाठ्यक्रम तथा प्रश्नपत्रों के स्वरूप के सम्बन्ध में नवीनतम सूचनाओं से अवगत होने

के लिए समय–समय पर परिषद की आधिकारिक वैबसाइट का अवलोकन अवश्य करते रहें तथा कक्षा 11 तथा 12 के पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में किसी भी जिज्ञासा के समाधान के लिए निम्न अधिकारी/शोध अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं–

1– श्री बी0 एम0 एस0 रावत, अपर सचिव– 8755617431

2– श्री शैलेन्द्र जोशी, शोध अधिकारी– 7055513072

01/4/2024

(वी0 पी0 सिमल्टी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद,
रामनगर (नैनीताल)

पृ0स0 01-06 /शोध एवं पाठ्यक्रम/ए–272 /2024–25/दिनांक: उक्तवत
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–
1– सभापति,उ0वि0शि0प0,रामनगर/निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, देहरादून।
2– निदेशक, अकादमिक एवं प्रशिक्षण, देहरादून।
3– अपर निदेशक, एस0 सी0 ई0 आर0 टी0, देहरादून।
4– समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा मु0 शि0 अ0, सम्बन्धित जनपद।
5– प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक, समस्त शासकीय तथा अशासकीय इण्टर कालेज एवं हाईस्कूल द्वारा मु0 शि0 अ0 सम्बन्धित जनपद।

01/4/2024

(वी0 पी0 सिमल्टी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद,
रामनगर (नैनीताल)